Office of the Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle
U.P.Power Trans. Corporation Limited.
220 KV Substation Campus Natwa
Mirzapur (U.P.) -231001

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
UPPTCL

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
220 के0वी0 उपकेन्द्र परिसर, नटवॉ
मीरजापुर (उ0प्र0)–231001

seetcmzp@upptcl.org

पत्रांक. 391 /वि0प्रे0मं0(मि0)/टी–टेण्डर दिनांक 08/02/2024

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक जागरण, वाराणसी/दैनिक आज, वाराणसी।

विषय :– ई–निविदा सूचना के प्रकाशनार्थ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में केवल एक बार कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के विज्ञापन सामग्री के लिये 6–8 प्वाइंट टाइप में केवल एक कालम में प्रकाशित करें। हेडिंग एवं नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाइन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

प्रकाशन के बाद विज्ञापन बीजक तीन प्रतियों में विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु विज्ञापन सामग्री प्रकाशित विज्ञापन सहित इस कार्यालय को बीजको की जॉच एवं भुगतान हेतु प्रेषित करें। प्रकाशित सामग्री की प्रति निविदा संख्या के अनुसार इस कार्यालय को विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि मे भेजना सुनिश्चित करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में **'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'** का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

उक्त निर्देशो के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनो मे उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है। बीजक जी0एस0टी0 मानक अनुरूप होने चाहिए अन्यथा बीजक स्वीकार नही किया जायेगा।

संलग्नकः विज्ञापन आदेश की प्रथम/द्वितीय
विज्ञापन सामग्री 2 अदद

(पी0आर0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक 391 वि0प्रे0मं0(मि0)/तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–मुख्य अभियन्ता, (पा0द0पू0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 57, जार्ज टाउन प्रयागराज।
2–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड मिर्जापुर/राबर्ट्सगंज/चतुर्थ वाराणसी ।
3–नोटिस बोर्ड।

(पी0आर0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपारेशन लिमिटेड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अनुभवी एवं ई–निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारो/कार्यदायी संस्थाओ से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा दो भागो में आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार इत्यादि हेतु निविदा खुलने की तिथि तक उक्त वेबसाईट पर लॉग–ऑन करें। समस्त निविदा प्रपत्र केवल उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा।

अल्प कालिक ई–निविदा सं0 (56)– विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के अधीन विभिन्न 220/132 के0वी0 उपकेन्द्रों का दो वर्षो हेतु अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य। निविदा खुलने की तिथि–27.02.2024। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 2950/– (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र में उल्लिखित रहेगी।

अल्प कालिक ई–निविदा सं0 (57)– विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के अधीन विभिन्न 220/132 के0वी0 पारेषण लाइनो के दो वर्षो हेतु अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य। निविदा खुलने की तिथि–27.02.2024। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 2950/– (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र में उल्लिखित रहेगी।

अल्प कालिक ई–निविदा सं0 (58)– विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के अधीन विभिन्न 765/400 के0वी0 पारेषण लाइनो के दो वर्षो हेतु अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य। निविदा खुलने की तिथि–27.02.2024। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1770/– (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र में उल्लिखित रहेगी।

पत्रांक 391/वि0प्रे0मं0(मि0)/टी–टेण्डर दिनांक 08/02/2024

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि०
मीरजापुर

Scanned with OKEN Scanner